**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3053 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**भारत में जलमार्गों का विकास**

**† 3053. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश विशेषकर बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित गत पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत और इस समय कार्यशील जलमार्गों की संख्या का राज्यवार ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितना बजट परिव्यय किया गया है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान सम्पूर्ण देश में जलमार्गों, विशेषकर उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित आंध्र प्रदेश में मौजूद जलमार्गों पर, यातायात की कुल मात्रा का वर्षवार और जलमार्गवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने आगामी पांच वर्षों में देश में जलमार्गों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रयोजनार्थ विशेषकर उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित आंध्र प्रदेश में विचारार्थ जलमार्गों के संबंध में, बजट परिव्यय कितना किया गया है?

उत्तर

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख):** विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में स्वीकृत राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं का अनुमोदित परिव्यय के साथ ब्यौरा **अनुबंध-1** में दिया गया है। वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की अवधि के दौरान, मिलियन टन में दर्ज की गई कार्गो आवाजाही के साथ ही आंध्र प्रदेश में मौजूद जलमार्गों सहित, वर्तमान में कार्यशील जलमार्गों की संख्या का वर्षवार और जलमार्गवार विवरण, **अनुबंध-2** में दिए गए हैं। रा.ज.-4 बापटला से होकर गुजरती है।

**(ग):** वर्तमान में सरकार का ध्यान, राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के तहत घोषित किए गए राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास पर है।

<u>अनुबंध-1</u>

सरकार द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं के लिए अनुमोदित बजट परिव्यय :

| क्रम. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में रा.ज.-1 (गंगा- भागीरथी- हुगली नदी प्रणाली) पर वाराणसी- हल्दिया जलखंड में जलमार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी- I और II) | 5061.15 |
| 2 | 8 हाइब्रिड इलेक्ट्रिक केटामरैन का डिजाइन और निर्माण (राष्ट्रीय जलमार्गों पर तैनात करने के लिए) | 144.00 |
| 3 | असम में रा.ज.-2 (बांग्लादेश सीमा से ब्रह्मपुत्र नदी- धुबरी से सदिया) का व्यापक विकास | 474.00 |
| 4 | पांडु पत्तन टर्मिनल से एनएच-27 तक अप्रोच सड़क का विकास तथा गुवाहाटी (असम) के पांडु में रा.ज.-2 पर पोत मरम्मत सुविधा का विकास | 388.00 |
| 5 | असम में रा.ज.-16 (बराक नदी लखीपुर से तुक्काग्राम) तक असम में भारत-बांग्लादेश मार्ग के भारतीय हिस्से का व्यापक विकास | 147.79 |
| 6 | 23 राष्ट्रीय जलमार्गों (चरण-1) (मौजूदा 3 और 13 नए राष्ट्रीय जलमार्गों) का विकास- केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और असम राज्यों में रा.ज.-16 (रा.ज.-3, 4, 5 और 13 नए राष्ट्रीय जलमार्गों) का विकास | 267.00 |

अनुबंध – 2

| 2019-20 to 2023-24 (मिलियन टन में ) राष्ट्रीय जलमार्ग कार्गो डाटा | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) | राज्य/ संघ शासित प्रदेश | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | रा.ज.-1 (गंगा –भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया –इलाहाबाद)) | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल | 9.11 | 9.21 | 10.93 | 13.17 | 12.82 |
| 2 | रा.ज.- 2 (ब्रह्मपुत्र नदी (धुबरी-सादिया)) | असम | 0.39 | 0.31 | 0.43 | 0.63 | 0.59 |
| 3 | रा.ज. -3 (वेस्ट कोस्ट नहर) | केरल | 0.55 | 0.73 | 1.70 | 3.23 | 3.29 |
| 4 | रा.ज. - 4 (कृष्णा गोदावरी नदी प्रणाली) | आंध्र प्रदेश | 0.08 | 6.83 | 11.23 | 8.42 | 4.30 |
| 5 | रा.ज. - 5 (ईस्ट कोस्ट नहर और मताई नदी / ब्राह्मणी – खार्सुआ – धामरा नदियां/ महानदी डेल्टा नदियां) | ओडिशा | - | | 0.02 | 0.40 | 0.64 |
| 6 | रा.ज. - 8 (अलाप्पुझा -चंगनसरी नहर) | केरल | | | | 0.03 | 0.04 |
| 7 | रा.ज. - 9 (अलाप्पुझा -कोट्टायम - अथिरमपुजा नहर) | केरल | | | | 0.02 | 0.02 |
| 8 | रा.ज. -14 (बैतरणी नदी) | ओडिशा | | | | - | 0.00 |
| 9 | रा.ज. - 16 (बराक नदी) | असम | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.01 | 0.00 |
| 10 | रा.ज. - 23 (बुध बलांगा) | ओडिशा | | | | 0.03 | 0.02 |
| 11 | रा.ज. - 31 (धनसीरी /चाल्हे) | असम | | | | | 0.01 |
| 12 | रा.ज. - 44 (इच्छामती नदी) | पश्चिम बंगाल | 0.90 | 0.28 | 0.82 | 0.46 | 0.48 |
| 13 | रा.ज. - 64 (महानदी नदी) | ओडिशा | - | - | 0.02 | 0.45 | 0.67 |
| 14 | रा.ज. - 86 (रूपनारायण नदी) | पश्चिम बंगाल | - | 0.00 | 0.00 | 0.09 | 0.10 |
| 15 | रा.ज. - 94 (सोन नदी) | बिहार | 0.80 | - | - | - | 1.16 |
| 16 | रा.ज. - 97 (सुंदरबन जलमार्ग) | पश्चिम बंगाल | 3.46 | 3.86 | 6.10 | 5.47 | 5.19 |
| 17 | रा.ज. - 10 (अंबा नदी) | महाराष्ट्र | 22.01 | 17.69 | 20.23 | 28.54 | 30.17 |
| 18 | रा.ज. - 83 (राजपुरी क्रीक) | महाराष्ट्र | 0.67 | 0.21 | 0.23 | 0.24 | 0.45 |
| 19 | रा.ज. - 85 (रेवडांडा क्रीक - कुंडलिका नदी प्रणाली) | महाराष्ट्र | 1.59 | 1.08 | 0.70 | 0.50 | 0.99 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | रा.ज. - 91 (शास्त्री नदी -जयगढ़ क्रीक प्रणाली) | महाराष्ट्र | 0.12 | 9.24 | 22.45 | 33.87 | 37.05 |
| 21 | रा.ज. - 68 (माण्डवी नदी) | गोवा | 1.58 | 4.00 | 2.62 | 2.54 | 2.42 |
| 22 | रा.ज. - 111 (ज़ुआरी नदी) | गोवा | 1.36 | 4.47 | 1.96 | 0.39 | 1.10 |
| 23 | रा.ज. - 73 (नर्मदा नदी) | गुजरात | 0.10 | 0.08 | 0.05 | 0.04 | 0.06 |
| 24 | रा.ज. - 100 (तापी नदी) | गुजरात | 30.92 | 25.63 | 29.32 | 27.62 | 31.46 |
| | | **कुल योग** | 73.64 | 83.62 | 108.82 | 126.15 | 133.03 |

*****